भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1785**

उत्तर देने की तारीख  10 मार्च, 2025
19 फाल्गुन, 1946 (शक)

## युवा विकास के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना

**†1785. श्री बाबू सिंह कुशवाहा :**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार युवाओं के विकास के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) को प्रोत्साहन दे रही है और यदि हां, तो उक्त योजना के अंतर्गत छात्रों को किस प्रकार लाभ पहुंचाया गया है;

(ख) क्या सरकार द्वारा राष्ट्रीय युवा सशक्तिकरण कार्यक्रम (आरवाईएसके) के अंतर्गत युवाओं के कल्याण हेतु कोई नए कदम उठाए गए हैं;

(ग) यदि हां, तो इस कार्यक्रम के अंतर्गत चलाई जा रही योजनाओं का ब्यौरा क्या है और इससे प्रमुख लाभ क्या-क्या हैं;

(घ) क्या राष्ट्रीय युवा सम्मेलन और राष्ट्रीय युवा दिवस जैसी योजनाओं से युवाओं की सक्रिय भागीदारी और सामाजिक विकास में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन आया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा युवाओं के समग्र विकास के लिए प्रस्तावित की जा रही नई योजनाओं का ब्यौरा क्या है और उनका उद्देश्य क्या है?

**उत्तर**

**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**

**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) सरकार युवाओं के विकास के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) को प्रोत्साहन दे रही है। एनएसएस का एकमात्र उद्देश्य युवा छात्रों को सामुदायिक सेवा प्रदान करने में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है। इन सामुदायिक सेवा कार्यक्रमों में भाग लेने वाले एनएसएस स्वयंसेवक को एनएसएस के नियमित और विशेष शिविर कार्यक्रमों तथा राष्ट्रीय एकता शिविर, साहस कार्य, युवा महोत्सव, गणतंत्र दिवस परेड, युवा संसद महोत्सव आदि जैसे अन्य विशेष कार्यक्रमों के माध्यम से अपने समग्र विकास के लिए एक्सपोजर और अनुभव प्राप्त होगा।

(ख) और (ग): जी हां । विभाग के अंतर्गत एक स्वायत्त निकाय, नेहरू युवा केंद्र संगठन (एनवाईकेएस) है जो देशभर के 623 जिला नेहरू युवा केंद्रों के माध्यम से कार्यक्रमों और कार्यकलापों का संचालन करता है। एनवाईकेएस का मुख्य उद्देश्य देश के युवाओं को लामबंद करना, प्रेरित करना और उनकी क्षमताओं को बढ़ाना है, ताकि वे उत्पादक और जिम्मेदार नागरिक बन सकें, स्थानीय नेतृत्व संभाल सकें और समानता तथा

स्वयंसेवा की भावना के साथ सामुदायिक विकास और राष्ट्र निर्माण कार्यकलापों की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार के रूप में कार्य कर सकें।

युवाओं के कल्याण के लिए एनवाईकेएस द्वारा उठाए गए नए कदमों/संचालित कार्यक्रमों का विवरण तथा इन कार्यक्रमों के प्रमुख लाभ इस प्रकार हैं:

i. **विकसित भारत एम्बेस्डर - युवा कनेक्ट:** इसका मुख्य उद्देश्य 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के भारत के विजन की ओर युवाओं की सहभागिता को लामबंद करना और नेतृत्व प्रदान करना है, जिसमें आर्थिक, पर्यावरणीय और शासन के क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इसका उद्देश्य विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए युवाओं को उनके उत्तरदायित्व के बारे में मार्गदर्शित करना भी है।

ii. **नशीली दवाओं की लत और मादक द्रव्यों के सेवन से संबंधित जागरूकता और शिक्षा कार्यक्रम:** इस कार्यक्रम का उद्देश्य जागरूकता और शिक्षा कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं में नशीली दवाओं की लत और मादक द्रव्यों के सेवन की समस्या को दूर करना है, तथा इसके हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने, स्वस्थ विकल्पों को बढ़ावा देने और जीवन कौशल विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करना है।

iii. **अंतर जिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम:** अंतर जिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम (आईडीवाईईपी) का उद्देश्य विभिन्न जिलों के युवाओं के बीच विचारों के आदान-प्रदान, अनुभवों को साझा करने और सांस्कृतिक विविधता का उत्सव मनाने के लिए एक मंच प्रदान करके आपसी समझ को बढ़ावा देना है। इसका उद्देश्य सांस्कृतिक आदान-प्रदान, क्षेत्र भ्रमण और परंपराओं और रीति-रिवाजों पर चर्चा सहित इंटरैक्टिव कार्यकलापों के माध्यम से राष्ट्रीय एकता को मजबूत करना है।

**iv.** **अंतरराज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम:** अंतरराज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का उद्देश्य विचारों के आदान-प्रदान, अनुभवों को साझा करने और सांस्कृतिक विविधता का उत्सव मनाने के लिए एक मंच प्रदान करके विभिन्न राज्यों के युवाओं के बीच आपसी समझ को बढ़ावा देना है। इसका उद्देश्य सांस्कृतिक आदान-प्रदान, क्षेत्र भ्रमण और परंपराओं और रीति-रिवाजों पर चर्चा सहित इंटरैक्टिव कार्यकलापों के माध्यम से राष्ट्रीय एकता को मजबूत करना है।

v. **सीमा क्षेत्र युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम:** सीमा क्षेत्र युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम (बीएवाईईपी) का उद्देश्य सीमावर्ती और गैर-सीमावर्ती जिलों के युवाओं को सांस्कृतिक आदान-प्रदान, सामाजिक-आर्थिक मुद्दों पर चर्चा और जागरूकता निर्माण कार्यकलापों में शामिल करके राष्ट्रीय एकता, अखंडता और आपसी समझ को बढ़ावा देना है।

इसके अलावा, राष्ट्रीय युवा सशक्तिकरण कार्यक्रम (आरवाईएसके) की प्रमुख स्कीम के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय सहयोग स्कीम का उद्देश्य विभिन्न युवा मामलों के संबंध में अन्य देशों और अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों/संगठनों के साथ मिलकर युवाओं के बीच एक अंतर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य तैयार करना है। इस स्कीम के अंतर्गत, विभिन्न देशों के युवाओं के बीच विचारों, मूल्यों और संस्कृति के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने और भारत के युवाओं को

अंतर्राष्ट्रीय एक्पोजर प्रदान करने के लिए मित्र देशों के साथ पारस्परिक आधार पर अंतर्राष्ट्रीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम (आईवाईईपी) शुरू किए जाते हैं।

युवा कार्यक्रम विभाग ने वर्तमान में युवा मामलों पर सहयोग के लिए विभिन्न देशों के साथ 32 समझौता ज्ञापन (एमओयू)/करारों पर हस्ताक्षर किए हैं तथा अन्य देशों के साथ युवा मामलों पर 10 और समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जाने हैं। इस वित्तीय वर्ष में आयोजित युवा आदान-प्रदान कार्यक्रमों और युवा शिखर सम्मेलनों का विवरण निम्नानुसार है:

i. दो भारतीय युवा प्रतिनिधियों ने 21-26 अप्रैल, 2024 तक मलेशिया के कुआलालंपुर में आयोजित राष्ट्रमंडल एशिया क्षेत्रीय युवा नेतृत्व शिखर सम्मेलन में भाग लिया।
ii. दो भारतीय युवा प्रतिनिधियों ने 17-20 जून, 2024 तक ब्राज़ील में आयोजित वाई20 पूर्व शिखर सम्मेलन में भाग लिया।
iii. 14 सदस्यीय भारतीय युवा प्रतिनिधिमंडल 22-26 जुलाई, 2024 तक 10वें ब्रिक्स युवा शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए रूस का दौरा करेगा।
iv. दो भारतीय युवा प्रतिनिधिमंडल 10-17 अगस्त, 2024 तक वाई20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्राजील गए।
v. भारत ने 7-11 फरवरी, 2025 तक प्रथम बिम्सटेक युवा शिखर सम्मेलन आयोजित किया।
vi. 21-सदस्यीय पोलैंड युवा प्रतिनिधिमंडल 19-27 फरवरी, 2025 तक भारत दौरे पर आया।
vii. 100-सदस्यीय मध्य एशियाई देशों का युवा प्रतिनिधिमंडल 22-28 मार्च, 2025 को भारत आने वाला है।
viii. 50-सदस्यीय भारतीय युवा प्रतिनिधिमंडल 23-29 मार्च, 2025 को नेपाल जाएगा।

(घ) इस वर्ष, राष्ट्रीय युवा महोत्सव (एनवाईएफ) का पुनर्गठन किया गया है और इसे विकसित भारत युवा नेता संवाद (वीबीवाईएलडी) नाम दिया गया है। वीबीवाईएलडी-2025, एनवाईएफ मंच को व्यापक बनाने और युवाओं के साथ अधिक गहनता से जुड़ने का एक प्रयास था। यह प्रधानमंत्री जी के स्वतंत्रता दिवस के विजन को पूरा करने का एक प्रयास था, जिसमें 1 लाख युवाओं को सार्वजनिक मामलों में शामिल किया जाना था, ताकि उन्हें विकसित भारत के लिए राष्ट्रीय विकास का एक सार्थक क्षेत्र बनाने और नेतृत्व के लिए एक राष्ट्रीय मंच प्रदान किया जा सके। इस संवाद में, युवाओं को विकसित भारत के विभिन्न पहलुओं के बारे में लिखने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस संवाद ने उन्हें बड़े सपने देखने और विकसित भारत 2047 के विजन की दिशा में काम करने के लिए प्रोत्साहित किया।

वीबीवाईएलडी-2025 ने देशभर के 28,31,200 प्रेरित युवाओं को आकर्षित किया; 10-12 जनवरी, 2025 को आयोजित 28वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव: विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025 में भारत के 15-29 आयु वर्ग के सबसे वाइब्रेंट यूथ का प्रतिनिधित्व कर रहे लगभग 2500 ऊर्जावान युवाओं को योग्यता आधारित, बहु-चरणीय प्रक्रिया के माध्यम से विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025 में भाग लेने के लिए चुना गया। इस संवाद से उत्पन्न प्रस्तुतियां माननीय प्रधानमंत्री जी के समक्ष प्रस्तुत की गईं। बीवाईएलडी-2025 एक ऐतिहासिक आयोजन रहा, जिसने नेताओं, नवोन्मेषकों और विचारकों की अगली पीढ़ी को बढ़ावा दिया जो भारत के

विकास को आगे बढ़ाएंगे। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से 6 करोड़ से अधिक युवाओं और अन्य लोगों ने इस कार्यक्रम को देखा।

(ङ.) युवाओं की क्षमता का दोहन करने तथा उनकी रचनात्मक एवं सृजनात्मक ऊर्जा का इष्टतम उपयोग करने के लिए, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के अंतर्गत युवा कार्यक्रम विभाग, व्यक्तित्व निर्माण और राष्ट्र निर्माण के दोहरे उद्देश्यों अर्थात युवाओं के व्यक्तित्व का विकास करना तथा उन्हें अपने क्षेत्रीय संगठनों और एनएसएस तथा एनवाईकेएस जैसी विभिन्न स्कीमों के माध्यम से विभिन्न राष्ट्र निर्माण गतिविधियों में शामिल करना, को पूरा करता है।

हाल ही में, युवा कार्यक्रम विभाग के अंतर्गत एक स्वायत्त निकाय, एक व्यापक सक्षम तंत्र- मेरा युवा भारत (माई भारत) की स्थापना की गई है, जो अमृत काल के दौरान ' कर्तव्य बोध' और 'सेवा' के माध्यम से युवा विकास और युवा जनित विकास के लिए प्रौद्योगिकी द्वारा संचालित है।

माई भारत (https://www.mybharat.gov.in/) के लिए एक डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म विकसित किया गया है, जिस पर देशभर के युवा पंजीकरण कर सकते हैं और पोर्टल पर उपलब्ध कराए जा रहे विभिन्न स्वयंसेवी अवसरों के लिए साइनअप कर सकते हैं। परिकल्पित फिजिटल (भौतिक + डिजिटल) इकोसिस्टम का उद्देश्य युवाओं को सामुदायिक परिवर्तन के लिए उत्प्रेरक बनने के लिए सशक्त बनाना है।

*****